# NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 73 /NCRES/20 Date : 27.4.2020

श्रीमान प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– दिनांक 25/26.2.2020 के पी.एन.एम. बैठक में प्रारम्भिक भाषण के समय NCRES द्वारा महाप्रबंधक के समक्ष उठाये गये महत्वपूर्ण मुद्दो पर कार्यवाही किया जाना।

महोदय,

अवगत कराना है कि महाप्रबंधक स्तर पर NCRES के साथ सम्पन्न दिनांक 25/26 फरवरी 2020 के पी.एन.एम. बैठक में NCRES ने महाप्रबंधक के समक्ष प्रारम्भिक भाषण के समय बहुत सारे मुद्दे उठाये, जिनमें से निम्न महत्वपूर्ण मुद्दो पर महाप्रबंधक महोदय ने त्वरित कार्यवाही करने के लिये निर्देश दिया था।

1 नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के तीनो मण्डलों के आवासो की स्थिति बहुत खराब है। इस सम्बन्ध में NCRES ने आपसे कई बार अनुरोध किया कि आवासों के रख–रखाव के लिये जोन वर्क में अधिकारियों के आवास, क्लब, इंस्टीट्यूट और सर्विस बिल्डिंग के रख–रखाव के लिये अलग जोन बनाया जाय और ग्रुप ''सी'' तथा ग्रुप ''डी'' के आवासों के रख–रखाव के लिये अलग जोन बनाया जाय, आपने आश्वासन भी दिया था लेकिन अभी तक ऐसा नही हुआ। कृपया ग्रुप ''सी'' व ''डी'' के आवासो के रखरखाव के लिये अलग जोन निर्धारित किया जाय।

2. PNM मद सं0 25/2013 के सम्बन्ध में ALP से कपलिंग कटवाने के मुद्दे पर आपसे कई बार बात हुई और आपने कहा कि ALP से कपलिंग कटवाने का कार्य बन्द किया जायेगा, और आपके निर्देश पर 1 अक्टूबर 2019 से प्रयागराज में तीन गाड़ियां–12404, 12418, और 14164 छोड़कर बाकी गाड़ियों के कपलिंग ALP से कटवाना बंद कर दिया गया है।

अनुरोध है कि शेष बची गाड़ी सं. 12404, 12418 व 14164 के कपलिंग कटवाने का कार्य ALP से बन्द कराया जाय और NCRES के मद संख्या 25/2013 के सन्दर्भ में आदेश जारी किया जाय।

3. झांसी में अल्ट्रासाउन्ड कराने में कर्मचारियों का 800 रूपये खर्च हो रहा है लेकिन रिम्बर्समेंट 200 रूपये का ही होता है। NCRES ने डिवीजन में कई बार कहा कि MRI के लिये जिस एजेन्सी से एग्रीमेन्ट किया गया है उसी से अल्ट्रासाउन्ड के लिये भी एग्रीमेन्ट किया जाय लेकिन ऐसा नही हो पाया। NCRES का अनुरोध है कि कर्मचारियों द्वारा अल्ट्रासाउन्ड के लिये जितना भुगतान किया जाता है, उतना कर्मचारियों को रिम्बर्समेंट किया जाय।

4. इरादतगंज रेलवे स्टेशन के एक तरफ रेलवे कालोनी है व दूसरी तरफ शहर है। रेलवे कालोनी की तरफ से प्लेटफ़ार्म पर या शहर की ओर जाने के लिये कोई पुल नही है जिसके कारण रेलवे कालोनी के बच्चो को स्कूल जाने के लिये ट्रेन के नीचे से क्रास करना पड़ता है।

अतः NCRES की मांग है कि इरादतगंज में एक फुट ओवर ब्रिज बना दिया जाय जिससे रेल कर्मचारियों के बच्चे एवं उनके परिवार के सदस्यों और बुजुर्गों की समस्या खत्म हो सके।

5. आगरा मण्डल का रनिंग स्टाफ इटावा और बांदीकुई जाता है लेकिन वहां पर रनिंग स्टाफ के रूकने की व्यवस्था नही है जिसके कारण स्टाफ को रेस्ट नही मिल पाता।

NCRES की मांग है कि इटावा व बांदीकुई पहँचने वाले रनिंग स्टाफ को देय सुविधा मुहैया कराने के लिये उचित आदेश किया जाय।

6. रेलवे बोर्ड द्वारा जारी RBE No. 157/2017 के अनुसार प्रत्येक वर्ष कर्मचारियों की सीनियरिटी लिस्ट जारी होनी थी लेकिन तीनो मण्डल में सीनियारिटी लिस्ट जारी नही की जा रही है। इसके अलावा दिसम्बर 2018 तक कार्यालयों में कार्य करने वाली महिलाओं के लिये लेडीज टायलट बनाने का कार्य करना था लेकिन प्रधान कार्यालय और मण्डल कार्यालय के अतिरिक्त किसी भी कार्यालय व रोड साइड स्टेशनों के कार्यालय में लेडीज Toilet बनाने का कार्य नही हुआ है।

NCRES की मांग है कि प्रत्येक वर्ष सीनियारिटी लिस्ट जारी किया जाय और लेडीज Toilet सभी कार्यालय में बनाये जाय।

7. सहायक लोको पायलट एवं वरि. सहायक लोको पायलट के पदो में 20:80 का अनुपात है एवं सभी सहायक लोको पायलट, Residency Period पूर्ण होने पर वरीयता के अनुसार वरि. सहायक लोको पायलट के पद पर पदोन्नति के पात्र हो जाते है लेकिन विभिन्न प्रशासनिक कारणो से पात्रता के उपरान्त भी पदोन्नति आदेश जारी होने में एक साल से दो साल तक विलम्ब हो जाता है परिणाम स्वरूप पात्रता रखते हुये भी कर्मचारी पदोन्नति लाभो से वंचित रहते है। यहां यह उल्लेखनीय है कि उक्त पर न तो कोई चयन प्रकिया होती है और न ही कोई अधिसूचना जारी की जाती है यह पूर्णरूप से वरीयता कम पर आधारित है।

सहायक लोको पायलट और वरि. सहायक लोको पायलट के कार्य एवं दायित्व एक समान है इसलिये NCRES की मांग है कि सहायक लोको पायलट को दो वर्ष की सेवा पूर्ण किये जाने की तिथि से ही वरि. सहायक लोको पायलट के पद पर पदोन्नति दी जाय।

8. रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2005/एच/23/6 दिनांक 29.10.2010 एवं 13.6.2018 एवं हेडक्वाटर स्तर पर NCRES के साथ PNM बैठक में लिये जा चुके निर्णय के बाद भी झांसी चिकित्सालय में भर्ती मरीजो और उनके परिजनो को मुफ्त भोजन उपलब्ध नही कराया जा रहा है। इस सम्बन्ध में NCRES ने वार्ता किया तो मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, झांसी ने बताया कि फण्ड्स की कमी के कारण मुफ्त भोजन उपलब्ध नही कराया जा रहा है।

NCRES की मांग है कि फंड की उपलब्धता सुनिश्चित करते हुये CMS/JHS को उचित निर्देश दिया जाय ताकि भर्ती मरीजो को मुफ्त भोजन मिल सके।

**महिला प्रतिनिधि :–**

9. वाणिज्य विभाग के टिकट बुकिंग कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों की 8 घंटे की कार्यवधि में लगातार पब्लिक को टिकट बांटने पड़ते है जिससे वहां पर कर्मचारियों को घर से लाये गये लंच/टिफिन को खाने का समय नही मिलता है तथा वह लंच घर वापस चला जाता है और बिना भोजन किये कर्मचारियों को कार्य करना पड़ता है जिससे कर्मचारियों में कार्य इफीशियेन्शी एवं ऊर्जा घट जाती है। अतः अनुरोध है कि वाणिज्य विभाग के टिकट बुकिंग कार्यालय में कम से कम 15–20 मिनट का लंच ब्रेक देने के लिये उचित आदेश किया जाय।

NCRES का अनुरोध है कि उपरोक्त मुद्दो पर जल्द निर्णय लेकर उचित आदेश जारी करने की कृपा करे।

10. कर्मचारियो एंव उनको बच्चो के मनोरंजन एंव खेलकूद के लिए प्रयागराज में एक कोरल क्लब है जहाँ पूर्व में स्वीमिंग पूल, बिलियर्डस, बैडमिन्टन टेबिल टेनिस आदि तमाम सुविधाये मौजूद थी परन्तु आज वहाँ ये गतिविधियों नही है।

कोरल क्लब के चुनाव का कार्यकाल समाप्त होने पर वर्तमान में क्लब के सचिव का कार्य हित निरीक्षक देख रहे हैं और ADRM / प्रयागराज वहाँ के अध्यक्ष हैं। कोरल क्लब के अलावा सूबेदारगंज स्थित कर्मचारियो के क्लब ''कलरव'' के संचालन के लिये भी चुनाव नही हुआ, और ''कलरव'' के संचालन के लिये प्रधान कार्यालय, कार्मिक विभाग के COS ''सचिव'' के रूप में नामित किये गये है और अध्यक्ष SPO/गैजेटेड/HQ है। इसके अतिरिक्त दोनो मान्यता प्राप्त यूनियन के एक–एक प्रतिनिधि ''कलरव'' के कमेटी के सदस्य हैं।

NCRES की माँग है कि जब तक कोरल क्लब का अगला चुनाव नही होता कलरव क्लब की भाँति वहाँ भी मान्यता प्राप्त यूनियन के एक–एक प्रतिनिधि को नामित किया जाए जिसमे वहाँ का संचालन ठीक हो सके और कर्मचारियों के हित में वहाँ पर स्वीमिंग पूल, बिलियडस, बैडमिन्टन आदि सहित, रनिंग कर्मचारियो एंव अन्य के लिए योगा कक्षाओ का आयोजन किया जा सके।

11. महोदय, रेलवे बोर्ड ने अपने पत्र दिनांक 05.03.19 के द्वारा S&T, Electrical (TRD) एंव मैकेनिकल विभाग के टेक्नीशियन एंव हेल्परो को "Protective Gear" जैसे सेफ्टी शूज, विन्टर जैकेट, Luminous Vest, Tri Color LED टार्च, Rechargeable टार्च आदि दिये जाने का आदेश किया गया लेकिन इन विभागो के JE/SSE को ये Protection Gear नही दिये गये हैं जबकि S&T, TRD मैकेनिकल विभागो आदि के सुपरवाइजर को किसी भी फेलियर अथवा कार्य साइट पर तुरन्त पहुँच कर कार्य कराना होता हैं।

अतः NCRES की माँग है कि इन विभागो के सुपरवाइजरो को भी ये सभी "Protective Gear" दिये जाए।

12. NCRES को अवगत करना हैं कि सन् 2018–2019 में माघ मेला के समय प्रयागराज में रेलवे आवासो में नमामि गंगे प्रोजेक्ट के तहत नयी सीवर लाइन बिछाई गयी लेकिन कार्य को आधा–अधूरा छोड़ दिया गया हैं। कहीं पर सीवर तो बना दिया गया परन्तु घरो की लैट्रीन से उसको उससे जोड़ा नही गया। ट्रैफिक कालोनी के चौथे मार्ग के पास तो लगभग 25 घरो की नयी सीवर लाइन बना कर जोड़ दी गयी परन्तु उसे मेन लाइन से ही कनेक्ट नही किया गया जिससे बिना बरसात के लोगो के घरो में सीवर का पानी घुस रहा हैं और माघ मेला के समय नमामि गंगे/राज्य सरकार द्वारा छोड़े इस अधूरे कार्य को ईंजी. विभाग जानबूझ कर नही पूरा कर रहा है।

NCRES की मांग है कि नमामि गंगे प्रोजेक्ट/राज्य सरकार द्वारा छोड़े गये कार्य पूरा करने के लिये ईंजी. विभाग को उचित निर्देश दिया जाय ताकि प्रयागराज के ट्रैफिक कालोनी के आवासो के सीवर लाइन को विछाई गई नई सीवर मेन लाइन से कनेक्ट करने का कार्य पूरा हो सके।

13. महोदय, आगरा मण्डल में ब्रांच लाइनों के ईदगाह–बांदीकुई, ईदगाह–बयाना तथा मथुरा–अलवर खण्ड में गाड़ियों का संचालन काफी बढ़ गया है परन्तु यहाँ अभी भी एक ही ब्लाक सेक्शन में Close to Road traffic और Open to road traffic इन्जीनियरिंग गेट विद्यमान है। इसी कारण गलतफहमी और गाड़ियों के बढ़ते दबाव के कारण कई घटनाये हो चुकी है और कई गेटमैन रिमूव भी हुये है। अतः गाड़ियों का संचालन, संरक्षा तथा सुरक्षा के तहत उक्त ब्रांच लाइनो के गेटो को Open to road traffic कर दिया जाय तो गाड़िया भी सुरक्षित चलेगी और दुर्घटनाओं की संभावना भी खत्म होगी। अतः NCRES की मांग है कि आगरा मण्डल के ईदगाह–बांदीकुई, आगरा–बयाना व मथुरा–अलवर खण्ड के सभी इंजीनियरिंग गेटो को Open to road traffic किया जाय।

NCRES का अनुरोध है कि PNM बैठक के प्रारम्भिक भाषण में उठाये गये उपरोक्त मदो पर जल्द आदेश जारी करने की कृपा करे।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री